# बिहार प्रशासनिक सेवा संघ

प्रशासनिक सेवा भवन, जवाहरलाल नेहरू मार्ग, पटना-1

( पंजीयन-633/2003 )

Truth will Triumph

अध्यक्ष
वैद्यनाथ प्रसाद
( बी. एन. प्रसाद )
महासचिव
विपिन कुमार सिन्हा
( बी. के. सिन्हा )

दूरभाष
अध्यक्ष : 2221706 (O) 2590816 (R)
महासचिव : 2286093 (R)
उपाध्यक्ष : ( श्री शर्मा ) 2353207 (R)
कोषाध्यक्ष : 2262597 (R)

उपाध्यक्ष
कृष्ण मुरारी शर्मा
अर्जुन प्रसाद
संयुक्त सचिव
सहादत हसन मन्टू
रजनीश कुमार सिंह
कोषाध्यक्ष
महेश प्रसाद गुप्ता


पत्र संख्या — दिनांक

## दिनांक 07.05.05 को सम्पन्न कार्यकारणि समिति की बैठक की कार्यवाही

.........................................................

1. उपस्थिति पंजी के अनुसार ।
2. श्री कृष्ण मुरारी शर्मा, संयुक्त सचिव, खाद्य आपूर्ति एवं वाणिज्य विभाग, बिहार, पटना द्वारा बैठक की अध्यक्षता की गई ।
3. दिनांक 19.10.03 को बिहार प्रशासनिक सेवा संघ की नई कार्यकारणी समिति के गठन के उपांत संघ द्वारा संचालित कार्यो एवं सेवा संघ के विभिन्न मांगो की पूर्ति के विन्दु पर महासचिव द्वारा केन्द्रीय कार्यकारणी समिति को जानकारी दी गई ।

संघ की मुख्य मांग 8000-13000 का वेतनमान बेसिक ग्रेड के पदाधिकारी को दिलवाने के विन्दु पर गहन समीक्षा की गयी । तत्कालीन सरकार के समक्ष इस मांग की पूर्ति हेतु कई ज्ञापन देकर उनसे वार्त्ता के लिये अनुरोध किया गया । परन्तु उक्त अवधि में इस विन्दु पर कोई कार्रवाई नहीं की गई । बिहार में 07 मार्च, 05 को राष्ट्रपति शासन लगने के तुरंत बाद महामहिम राज्यपाल एवं मुख्य सचिव, बिहार को बेसिक ग्रेड के वेतनमान को 8000-13500/- रू0 किये जाने के साथ-साथ बिहार प्रशासनिक सेवा से भारतीय प्रशासनिक सेवा में पदाधिकारियों को प्रोन्नति/संयुक्त सचिव/अपर जिला दण्डाधिकारी/अनुमंडल दण्डाधिकारी/12 वर्ष एवं 24 वर्ष के उपरांत पदाधिकारियों को ए0 सी0 पी0 दिलाने के साथ-साथ अन्य मामले की पूर्ति हेतु ज्ञापन दिया गया । पुनः वार्ता में विलम्ब किये जाने के बाद महामहिम महोदय से यह अनुरोध किया गया कि उक्त मांगों पर अविलम्ब विचार करने हेतु संघ के पदधारकों की एक बैठक बुलायी जाय । महामहिम के निदेश के क्रम में उनके प्रधान सचिव श्री आर0 जे0 एम0 पिल्लै से वार्ता हुई और संघ द्वारा अपनी मांगों के पक्ष में जोरदार तर्क दिया गया एवं अनुरोध किया गया कि इस पर शीघ्र कार्रवाई करने हेतु सम्बन्धित पदाधिकारी को निदेश देने की कृपा करें ।

फलस्वरूप प्रधान सचिव महोदय द्वारा 8000-13000 (13500) का वेतनमान बेसिक ग्रेड के पदाधिकारी को उपलब्ध कराने हेतु संचिका की मांग की गई है । परन्तु अब तक संचिका कार्मिक एवं प्रशासनिक सुधार विभाग और वित्त विभाग में ही पड़ी हुई है । संचिका की मांग करने हेतु पुनः संघ द्वारा महामहिम महोदय के स्तर पर सतत् प्रयास जारी है । आशा है इस पर शीघ्र उच्च स्तरीय कार्रवाई की जायगी ।

प्रोन्नति के सम्बन्ध में महामहिम महोदय के प्रधान सचिव द्वारा अनुशंसा (अनुदेश) के आलोक में तुरंत कार्रवाई की गई और अनुमंडल दण्डाधिकारी स्तर के - 72 पदाधिकारी एवं अपर जिला दण्डाधिकारी स्तर के 35 पदाधिकारी की प्रोन्नति दी गई और उन्हें अपने पद पर पदस्थापित भी कर दिया गया ।

gupta babu

# बिहार प्रशासनिक सेवा संघ

प्रशासनिक सेवा भवन, जवाहरलाल नेहरू मार्ग, पटना-1

(पंजीयन-633/2003)

Truth will Triumph

अध्यक्ष (ह० ५७० शर्मा)

वैद्यनाथ प्रसाद

(बी. एन. प्रसाद)

महासचिव

विपिन कुमार सिन्हा

(बी. के. सिन्हा)

दूरभाष

अध्यक्ष : 2221706 (O) 2590816 (R)

महासचिव : 2286093 (R)

उपाध्यक्ष : (श्री शर्मा) 2353207 (R)

कोषाध्यक्ष : 2262597 (R)

उपाध्यक्ष

कृष्ण मुरारी शर्मा

अर्जुन प्रसाद

संयुक्त सचिव

सहादत हसन मन्टू

रजनीश कुमार सिंह

कोषाध्यक्ष

महेश प्रसाद गुप्ता


पत्र संख्या

दिनांक



अनुमंडल दण्डाधिकारी के पद पर प्रोन्नति देने हेतु दिनांक 09.05.05 को पुनः स्थापना समिति की बैठक संघ के प्रयास से हुई । इस सम्बन्ध में भी बहुत सारे पदाधिकारी की प्रोन्नति अनुमंडल दण्डाधिकारी के श्रेणी में की जा रही है ।

संघ के महासचिव से सचिव, कार्मिक एवं प्रशासनिक सुधार विभाग से वार्ता के क्रम में कार्मिक एवं प्रशासनिक सुधार विभाग द्वारा यह आश्वस्त किया गया कि 12 साल एवं 24 साल की सेवा पूरी कर लेने वाले पदाधिकारियों को ए० सी० पी० की सुविधा देने हेतु एक पखवारे के अन्दर बैठक बुलायी जायेगी ।

4. संघ की आम सभा शीघ्र प्रकाशन, बैनर, बैच एवं फोल्डर तैयार करने, हॉल आरक्षण करने एवं प्रशासन मैगजीन प्रकाशित करने में 1,25,000 (एक लाख पच्चीस हजार) रूपये खर्च होने का आक्कलन किया गया है । इस हेतु राशि उपलब्ध कराने हेतु यह निर्णय लिया गया कि सभी जिलों से आम सभा हेतु विशेष चन्दा एकत्रित किया जाय । वर्ष 2004-05 का वार्षिक चन्दा भी किसी जिला से अभी तक केन्द्रीय समिति को प्राप्त नहीं हुआ है । सभी जिला अध्यक्ष/सचिवों से यह अनुरोध किया गया कि वार्षिक चन्दा एवं विशेष चन्दा प्राप्त कर केन्द्रीय कार्यकारिणी समिति को 31 मई, 2005 तक निश्चित रूप से उपलब्ध करा दें ।

इस कार्यकारिणी की डेढ़ वर्ष के कार्य-काल में संघ द्वारा जो कार्य किये गये हैं उसकी जानकारी सदस्यों को प्रशासन मैगजीन एवं समाचार पत्रों के माध्यम से दी जाती रही है । प्रोन्नति की स्थिति लगभग अद्यतन कर दी गई है । वेतनमान 8000-13500 के सम्बन्ध में संघ लगातार सरकार पर दबाव बनाये हुए है । कर्मचारियों/पदाधिकारियों से सम्बन्धित सामान्य मांग जैसे :- 50 प्रतिशत मंहगाई भत्ता का मर्जर/सेवानिवृति की आयु की वृद्धि/मंहगाई भत्ता एवं ए० सी० पी० के नगद भुगतान आदि मांगों के सम्बन्ध में बिहार प्रशासनिक सेवा संघ द्वारा तत्परतापूर्वक अराजपत्रित कर्मचारियों का समर्थन किया गया एवं इन मांगों के लिये हम एक जुट रहें । वर्ष 2005 में भारतीय प्रशासनिक सेवा के 16 पदों, अपर जिला दण्डाधिकारी, संयुक्त सचिव/अनुमंडल दण्डाधिकारी के रिक्त पदों को भरने की कार्रवाई हो रही है । वर्ष 2004 में विभिन्न स्तर पर जो प्रोन्नतियाँ एवं पदस्थापन हुआ । उससे आप अवगत हैं ।

gupta babu

# बिहार प्रशासनिक सेवा संघ

प्रशासनिक सेवा भवन, जवाहरलाल नेहरू मार्ग, पटना-1

(पंजीयन-633/2003)

Truth will Triumph

अध्यक्ष (कृ० मु० शर्मा)

वैद्यनाथ प्रसाद

(बी. एन. प्रसाद)

महासचिव

विपिन कुमार सिन्हा

(बी. के. सिन्हा)

दूरभाष

अध्यक्ष : 2221706 (O) 2590816 (R)

महासचिव : 2286093 (R)

उपाध्यक्ष : (श्री शर्मा) 2353207 (R)

कोषाध्यक्ष : 2262597 (R)

उपाध्यक्ष

कृष्ण मुरारी शर्मा

अर्जुन प्रसाद

संयुक्त सचिव

सहादत हसन मन्टू

रजनीश कुमार सिंह

कोषाध्यक्ष

महेश प्रसाद गुप्ता


पत्र संख्या

दिनांक



5. संघ के केयर-टेकर श्री नितिश्वर प्रसाद सिंह को चूँकि आवास भत्ता नहीं दिया जाता है इसलिये संघ भवन में एक कमरा देने हेतु निर्णय लिया गया जो कि पदाधिकारी के लिये अटैच बाथरूम के कमरा से अलग होगा । कर्मचारियों के लिये बनाये गये एक कमरा में श्री हेमन्त कुमार सिंह, दैनिक भोगी केयर टेकर पूर्व से रह रहे है ।

6. प्रशासनिक सेवा भवन की जर्जर स्थिति में सुधार लाने हेतु इसकी मरम्मति, रंगाई, पोताई, बिजली का काम, पंखो का काम, हॉल एवं कमरों की विशेष मरम्मति कराकर इसे रहने लायक बना दी गई है । इसके लिये श्री आर० के० प्रसाद, अवर सचिव, भवन को समिति द्वारा विशेष रूप से धन्यवाद ज्ञापित किया गया ।

7. अंत में अध्यक्ष द्वारा धन्यवाद ज्ञापन के साथ केन्द्रीय कार्यकारिणी समिति की बैठक की कार्यवाही समाप्त की गई ।

(कृष्ण मुरारी शर्मा) 7/5/05
अध्यक्ष,
बिहार प्रशासनिक सेवा संघ,
बिहार, पटना ।

ज्ञापांक - 12 /वि०प्र०से०सं०, पटना, दिनांक 7-4-/2005

प्रतिलिपि सभी जिला के अध्यक्ष/सचिव को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित । उनसे अनुरोध है कि संघ की अगली आम सभा हेतु 2005 की वार्षिक चंदा जमा कर केन्द्रीय कार्यकारिणी समिति को शीघ्र उपलब्ध कराने की कृपा करेंगे ।

(विपिन कुमार सिंहा) 7/5/05
महासचिव,
बिहार प्रशासनिक सेवा संघ,
बिहार, पटना ।

ज्ञापांक - 12 /वि०प्र०से०सं०, पटना, दिनांक 7-4-/2005

प्रतिलिपि महामहिम राज्यपाल के प्रधान सचिव/मुख्य सचिव-सह-विशेष परामर्शी, बिहार/सचिव, कार्मिक एवं प्रशासनिक सुधार विभाग, बिहार, पटना को सूचनार्थ एवं अग्रतर कार्रवाई हेतु प्रेषित ।

(विपिन कुमार सिंहा) 7/5/05
महासचिव,
बिहार प्रशासनिक सेवा संघ,
बिहार, पटना ।

gupta babu